# रोमानिया और बुल्गारिया शेंगेन क्षेत्र में शामिल हुए

स्रोत: द हिंदू

## चर्चा में क्यों?

1 जनवरी, 2025 से **बुल्गारिया तथा रोमानिया यूरोपीय संघ के शेंगेन क्षेत्र में** शामिल हो जाएंगे । दोनों देश, जो वर्ष 2007 से यूरोपीय संघ के सदस्य हैं, अंततः सीमाहीन क्षेत्र में शामिल हो सकेंगे, जिससे पूरे यूरोप में निर्बाध यात्रा और आवागमन संभव हो सकेगा।

## यूरोपीय संघ का शेंगेन क्षेत्र क्या है?

- **शेंगेन क्षेत्र :** शेंगेन क्षेत्र का नाम लक्ज़मबर्ग के एक छोटे से गाँव के नाम पर रखा गया है, जहाँ **शेंगेन समझौते (वर्ष 1985)** तथा **शेंगेन कन्वेंशन (वर्ष 1990)** पर हस्ताक्षर किये गए थे।
    - इन समझौतों ने भागीदार देशों के बीच आंतरिक सीमा जाँच को समाप्त कर दिया, परिणामस्वरूप अधिकांश यूरोपीय संघ के राज्यों और कुछ गैर-यूरोपीय संघ देशों में लोगों की मुक्त आवाजाही की अनुमति प्राप्त हुई।
    - शेंगेन क्षेत्र **आंतरिक सीमा नियंत्रण** के बिना विश्व का सबसे बड़ा क्षेत्र है और अब इसमें **29 देश (** 27 यूरोपीय संघ के सदस्य राज्यों में से 25 **(साइप्रस और आयरलैंड को छोड़कर), चार गैर-यूरोपीय संघ देश (आइसलैंड, लिकटेंस्टीन, नॉर्वे और स्विट्ज़रलैंड)** शामिल हैं।

## शेंगेन क्षेत्र की मुख्य विशेषताएँ:

- **मुक्त आवागमन**: शेंगेन क्षेत्र **425 मिलियन से अधिक यूरोपीय संघ के नागरिकों और गैर-यूरोपीय संघ के नागरिकों के लिये मुक्त आवागमन** की गारंटी देता है जो कानूनी रूप से यूरोपीय संघ में निवासी हैं।
    - आंतरिक सीमा जाँच को समाप्त करके, यह भागीदार देशों के बीच निर्बाध यात्रा, रहना और काम करना संभव बनाता है।
    - एक समान वीज़ा नीति पर्यटकों, व्यापारिक यात्रियों और अन्य आगंतुकों के लिये **90 दिनों** तक के अल्पकालिक प्रवास की अनुमति देती है।
- **सीमा पार सहयोग:** शेंगेन क्षेत्र में सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिये **पुलिस सहयोग, न्यायिक सहयोग और शेंगेन सूचना प्रणाली (SIS) के प्रावधान** शामिल हैं।
    - SIS यूरोप में सुरक्षा और सीमा प्रबंधन के लिये सबसे व्यापक रूप से प्रयुक्त तथा सबसे बड़ी सूचना साझाकरण प्रणाली है।
- **अस्थायी सीमा नियंत्रण:** असाधारण परिस्थितियों में, देश सुरक्षा कारणों से अस्थायी रूप से सीमा नियंत्रण पुनः लागू कर सकते हैं, लेकिन उन्हें अन्य सदस्य राज्यों और यूरोपीय आयोग को सूचित करना होगा।
- **शेंगेन मूल्यांकन:** शेंगेन क्षेत्र में शामिल होने के इच्छुक देशों को विशिष्ट मानदंडों को पूरा करना होगा, जिसमें **प्रभावी सीमा नियंत्रण, वीज़ा जारी करना और कानून प्रवर्तन सहयोग** शामिल है।




## बुल्गारिया और रोमानिया के बारे में मुख्य तथ्य

- **बुल्गारिया:**
  - **राजधानी:** सोफिया
  - **भूगोल:** बुल्गारिया दक्षिण-पूर्वी यूरोप के बाल्कन में स्थित है। इसकी सीमा काला सागर से लगती है और यह रोमानिया और तुर्की के बीच स्थित है।
    - बुल्गारिया उत्तर में रोमानिया, दक्षिण में तुर्की और ग्रीस, दक्षिण-पश्चिम में उत्तरी मैसेडोनिया तथा पश्चिम में सर्बिया से घिरा हुआ है।
  - **राजनीतिक प्रणाली:** संसदीय गणतंत्र
  - **विदेशी संबंध: बुल्गारिया** संयुक्त राष्ट्र (UN), उत्तरी अटलांटिक संधि संगठन (NATO), यूरोपीय संघ और **शेंगेन क्षेत्र** का सदस्य है।
- **रोमानिया:**
  - **राजधानी:** बुखारेस्ट
  - **भूगोल:** रोमानिया उत्तर में यूक्रेन, उत्तर-पूर्व में मोल्दोवा, दक्षिण-पूर्व में काला सागर, दक्षिण में बुल्गारिया, दक्षिण-पश्चिम में सर्बिया और पश्चिम में हंगरी से घिरा है।
  - **राजनीतिक प्रणाली:** अर्द्ध-राष्ट्रपति गणतंत्र
  - **विदेशी संबंध: रोमानिया संयुक्त राष्ट्र, नाटो, यूरोपीय संघ,** यूरो-अटलांटिक भागीदारी परिषद और यूरोप में सुरक्षा और सहयोग संगठन (OSCE) का सदस्य है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/romania-and-bulgaria-join-schengen-zone

The Vision